मोडा की ढाणी निवासी राजू सैनी मोहन शंकर सैनी एवं अन्य लोगों ने बताया कि बारिश होते ही यह सडक दलदल या कीचड में तब्दील हो जाती है। गर्मी में तो लोग किसी तरह से धूल व गर्दा में रास्ते से निकल जाते हैं लेकिन बरसात के दिनों में इस रास्ते पर चलना खतरा से खाली नहीं है। लेकिन मजबूरी में ढाणी एवं आसपास के लोगों को इसी रास्ते से आना जाना करते हैं। इस के कारण आए दिन बच्चे व महिलाएं दुर्घटना के शिकार होती हैं।सड़क के नाम पर कोई सुविधा वर्षों बाद भी नहीं मिल पाई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों की उपेक्षा के चलते हम ग्रामवासी सडक मार्ग के अभाव में अत्यधिक परेशान हो रहे हैं। यहां पर गिरने से कई लोगों के कपडे खराब हुए हैं। स्कूली बच्चों को भी इसी रास्ते से होकर स्कूल जाना पडता है। रास्ता कीचडयुक्त होने की वजह से कई बार बच्चे गिर चुके हैं। उनके कपडे खराब हो जाते हैं। यहां प्रशासन से पानी निकासी के साथ साथ पक्की सडक बनाने की मांग की है।

# सार-समाचार

## मां शाकंभरी के धोक लगाई



**सांभरझील,** (निसं)। यहां से करीब 25 किलोमीटर सुदूर पहाडी पर स्थित चौहान शासको की कुलदेवी मां शाकंभरी के दरबार में सांभर सहित आसपास के अनेक गांवों से पहुंच कर हजारों लोगों ने दर्शन किए। वार्षिक मेले के आयोजन को लेकर सुबह से ही सैकडो की संख्या में जातरू जय मां शाकंभरी के उद्घोष के साथ उनके दरबार में जाकर परिवार के लिए मन्नत मांगी। जगह-जगह लोगों ने पैदल यात्रियों को जलपान कराया। विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें सैकडो लोगों ने प्रसादी पाई। मेले की आयोजन पर मां शाकंभरी का भव्य श्रृंगार किया गया तथा मंदिर को रोशनी से सरोवर किया गया जहां देर रात तक लोगों का आना-जाना रहा।

## गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की



**फुलेरा,** (निसं)। स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नम्बर 2 में स्थित आंगनबाडी पाठशाला में मंगलवार को प्रातः 10 बजे गर्भावस्था परामर्श दिवस मनाया गया। साथ ही प्रधानमन्त्री मातृ वन्दना योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान एल. एस. बीनू पाठक द्वारा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाले टीकाकरण एवं जांचों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा वहीं कार्यक्रम में बीनू पाठक एवं एएनएम सुनिता डेला के सानिध्य में 7 माह पूर्ण कर चुकी गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म करवाई गई। इस अवसर पर आंगनबाडी कार्यकर्ता सपना पोरवाल, सहायिका मीरा तंवर एवं आशा सहयोगिनी लीला वर्मा सहित समाजसेवी कमला प्रजापति व अन्य कई महिलाएं उपस्थित रही।

## महिला जागरूकता के लिए निकाली रैली




**फागी,** (निसं)। महिला जागरूकता के लिए कस्बे में मंगलवार को विषाल रैली निकाल महिलाओं को जागरूक किया गया। प्रातकाल श्री षान्तनु कुमार सिंह आई पी एस जिला पुलिस अधीक्षक दूदू श्री षिवलाल बेरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल उप अधीक्षक दूदू के निर्देषन में फागी थानाधिकारी मनोज बेरवाल की अगुवाई में तथा फागी एसडीएम राकेष कुमार के नेतृत्व में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा, अत्याचार के विरूद्ध चकवाडा रोड स्थित तेजाजी मन्दिर से कस्बे की सभी स्कूलों एवं कालेजों की करीब 1500 नारी षक्ति ने जोष के साथ महिला जागरूकता के लिए महारैली निकाल नारी सषक्तिकरण पर बल दिया। नारी सुध्रीकरण एवं नारी सम्मान के लिए सभी को एक साथ सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए सपथ दिलाई। रैली हो रही बारीष के बीच कस्बे के मुख्य बाजार ब स स्टेण्ड पुलिस थाना होकर डिग्गी रोड स्थिति सीताराम जी मन्दिर पर जाकर सम्पन्न हुई जहां नारी षक्ति का जोष देखते ही बनता था। एस डी एम राकेष कुमार के साथ थानाधिकारी मनोज बेरवाल तहसीलदार नितीष कान्त के साथ फागी मण्डल अध्यक्ष रंगलाल मानहाला के अलावा अनेक नागरिकों ने भाग लिया।

## हनुमानजी की भव्य शोभायात्रा निकाली

**राजगढ,** (निसं)। धार्मिक आस्था के छाहरीन धाम हनुमान मंदिर पर मंगलवार को आयोजित मेले से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकियों के साथ मंदिर के महंत पंडित रामावतार शर्मा के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा कस्बे के सैनी धर्मशाला से मंगलवार साय रवाना हुई। इस दौरान राम दरबार, महादेव एवं अन्य झांकियां के साथ श्रद्धालु महिला पुरुषों ने भजनों पर नृत्य कर कार्यक्रम को परवान चढाया। इस दौरान प्रमुख मार्गो में धर्म प्रेमी लोगों की ओर से आरती उतारी गई एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। माचाडी मार्ग हनुमान मंदिर पर देर रात्रि तक मेले का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज के दर्शन करधर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर मंदिर से जुडे सेवाभावी महिला पुरुष मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली,** (निसं)। अभिभाषक संघ कोटपूतली के अध्यक्ष एडवोकेट दयाराम गुर्जर कि अगुवाई में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल के नाम कोटपूतली उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कचहरी परिसर व जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर की विभिन्न मांगे रखी। इस अवसर पर संदीप बंसल, दिनेश अग्रवाल, राजपाल जाट, राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष सुशील यादव सहीत अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

## जरूरतमंद 50 लोगों को भोजन कराया

**शाहपुरा,** (निसं)। कस्बा निवासी समाजसेवी शाहपुरा युवा विकास समिति के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने मंगलवार को अपने घर की बनी रसोई में क्षेत्र के 100 लोगों को निशुल्क भोजन करवाया। मंडोवरा ने कहा कि निर्धन व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सबसे बडा पुण्य का कार्य है। क्षेत्र में कई लोग ऐसे है जिनके पास एक समय का पेट भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं है काम धंधा नहीं होने की वजह से खाने पीने की समस्या आ रही है ऐसे लोगों की मदद करना नेक कार्य है। उन्होंने राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मरीजों को भी फल वितरित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, समाजसेविका सविता बेनीवाल, नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, प्रधान मंजू शर्मा, वार्ड पार्षद पुनीत कुमार भगेरिया, राम सहाय बाजिया, भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया, समाजसेवी गिरधारी गोरा सहित कई लोगों ने मंडोवरा का साफा, माला व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन भी किया।

## सूर्यदेव सिंह का जन्मदिन मनाया

**किशनगढबास,** (निसं)। व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के नेतृत्व में व्यापारियों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधान कृषि पंडित पदमश्री सूर्यदेव सिंह बारेठ का 89वां जन्मदिन पर साफा पहनाकर व शाल ओढाकर मुंह मीठा कराया और जन्मदिन की बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्य देव सिंह बारेठ ने व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लख्याणी, किराना मर्चेंट अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल, लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना, केमिस्ट अध्यक्ष कमलेश पमनानी, उद्योगपति संजय सिंघल, टेलर एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु दयाल चांदनानी, सिन्धु सेवा भारती के अध्यक्ष राजेश कामदार, जिनेश भूटानी संदीप वलेचा आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### निरीक्षण में कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**दौसा, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानसार राज्य स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा दौसा जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासन उपसचिव व अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) रमेश चन्द परेवा ने बताया कि दौसा जिला मुख्यालय पर विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विभागों से 78 उपस्थिति पंजीकाओं को जांचा गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यालय व विभागों में कार्यरत कुल 164 राजपत्रित अधिकारियों में से 17 अनुपस्थित पाए गए जो कि प्रतिशत की दृष्टि से 10.36 है। उन्होंने बताया कि 755 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 61 अनुपस्थित पाए गए। जो की प्रतिशत की दृष्टि से 8.07 है। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित कार्मिकों पर नियम अनुसार कार्रवाई करने की रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी।

### अवैध बजरी ले जाते ट्रेलर जप्त

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशन में वृताधिकारी टोंक राजेश विधार्थी व मेहन्दवास सुरेश कुमार ने अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए विशेष दल का गठन किया। पुलिस दल द्वारा दौराने गस्त एनएच 52 हाईवे पर डारडाहिन्द के पास एक ट्रेलर को अवैध बजरी परिवहन करते हुए जप्त किया। जिसके मालिक व चालक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

### भंडारा एवं प्याऊ का आयोजन

**अलवर, (निसं)।** भर्तृहरी बाबा के लक्खी मेले के अवसर पर प्रतिवर्ष ग्राम ढकपुरी के द्वारा 30 वर्षो आयोजित होने वाला भंडारा एवं प्याऊ इस वर्ष भी हनुमान मंदिर के पास आयोजित किया गया। मुख्य आयोजक रामजती सेक्रेटरी ने बताया कि प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया जाता है। बाबा भरतरी न केवल अलवर के बल्कि संपूर्ण राजस्थान के लोक देवता है। कार्यक्रम में अमीचंद चौधरी, पिंटूसिंह चौधरी, शिम्भु सिँह छाडोत, गंगा लहरी पहलवान, भूपसिंह चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### मंत्री हीरालाल नागर कल टोंक आएंगे

**टोंक, (निसं)।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर गुरुवार 12 सितंबर को टोंक आएंगे। उनके विशिष्ट सहायक से मिली जानकारी अनुसार नागर 12 सितंबर को सायं 4 बजे जिले के विभागीय अधिकारियों की साथ बैठक लेंगे।

### कलेक्टर को ज्ञापन सौंप समस्या बताई

**टोक, (निसं)।** टोंक शहर के वार्ड 22 तारण उर्फ गफुरपुरा के बैरवा बस्ती में निवास कर रहे जनवासियों ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को ज्ञापन सौपकर अपनी समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन में बैरवा समाज के लोगों ने बताया कि उनकी बस्ती में सडक व नाले टूट जाने से पानी भर गया है, जिससे बच्चों व महिलाओं को आने जाने व स्कूल जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस समस्या हेतु उन्होने पूर्व में टोंक विधायक सचिन पायलट, नगर परिषद सभापति व पार्षदगण को अवगत करा दिया था परन्तु समस्या का समाधान ना होने पर बैरवा बस्ती के महिलाऐं व पुरूष इकट्ठा होकर कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से इस समस्या को अवगत कराकर सडक बनाने, नाले का निर्माण एवं खम्भों पर लाईट लगवाने हेतु मांग रखी।

### कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आज

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि राज्य मंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह 11 सितम्बर को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। कलेकटर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रभारी मंत्री 10 सितम्बर की रात तक कोटपूतली आएंगे। वे 11 सितम्बर को प्रात: 11 बजे बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, अतिवृष्टी की स्थिति, रोजगार उत्सव की तैयारियां, प्रस्तावित लोकार्पण-शिलान्यास तथा विधानसभावार स्कूल, कॉलेज इत्यादि के संबंध में हुई घोषणाओं के एस्टीमेट तथा अन्य बिंदुओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक उपरांत मंत्री विजय सिंह चौधरी जयपुर के लिए रवाना होंगे।

# डॉक्टर के घर की अलमारी व लॉकर तोड़कर 15 लाख की नगदी पार की

- 25 मिनट में युवकों ने वारदात को अंजाम दिया
- सौलर प्लांट के भुगतान के लिये रखी थी नगदी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर में दिनदहाडे शातिर चोरों ने डॉक्टर के घर में डाका डाल अलमारी व लॉकर तोड 15 लाख रूपये की नगदी चुरा ले भागे। दिवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने 25 मिनट में वारदात को अंजाम दिया। लॉकर तोडकर भागने के दौरान पेचकस व चप्पल सहित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य छोड गये। मोबाईल इन्वेस्टिगेशन टीम ने साक्ष्य जुटा जांच शुरू की।

मामले के अनुसार शहर के अतिव्यस्त व पोस कॉलोनी आदर्श नगर मे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एचएस पारीक सोमवार की शाम 5:40 बजे कार लेकर जयपुर के लिये निकले थे। दो शातिर युवक डॉक्टर के जाने के बाद मकान की रैंकी कर मौका देख बाउन्ड्री कुद कर मकान मे घुस गये। एक के बाद एक कमरों व अलमारी सहित लॉकर के ताले तोड स्टॉर रूम मे रखे तकरीबन 15 लाख रूपये की नगदी चुरा 25 मिनट में दिवार फांदकर भाग निकले। दोनो युवकों को दिवार से कुदता देख पडोसी एसएन बांगला ने दोनो युवको पर संदेह होने पर चिल्लाने की आवाज लगाई तो दोनो युवक बाईक पर बैठ भाग निकले।



पुलिस ने मौकास्थल पहुंच घटना की जानकारी जुटाई।

सूचना मिलने पर मालपुरा थाना पुलिस एएसआई मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। चोरी की वारदात की सूचना डॉक्टर एचएस पारीक को मिलने पर निमेडा से डॉक्टर वापस मालपुरा पहुंच पुलिस टीम को मकान का अवलोकन करवाया। जिसमे 15 लाख रूपये की नगदी चोरी होना सामने आया। डॉ. पारीक ने बताया कि इतनी बडी रकम सौलर प्लांट के भुगतान के लिये रखी हुई थी। बुधवार को भुगतान करना था। पत्नि रक्षाबंधन पर जयपुर गई हुई थी जिसे लेने के लिये वो मकान को लॉक कर निकले थे।

पुलिस ने मकान के पास ही पारीक हॉस्पिटल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जिसमे दो युवक दिखे है जिनकी उम्र 25 वर्ष का अनुमान लगाकर दोनो युवकों ने बाउंड्री में बनी गार्डन की खेल के जरिये दिवार फांदकर मकान में घुसने व इसी रास्ते से वापस निकलने का घटनाक्रम सामने आया। दिनदहाडे चोरी की वारदात से लोगों में दहशत फैल गई। मंगलवार को पुलिस उपाधिक्षक महेन्द्र मीणा ने वारदात स्थल का मौका निरीक्षण कर जांच अधिकारी को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये।

लम्बे समय से मालपुरा में हो रही एक के बाद एक चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में थाना पुलिस नाकाम रही। चोरी की वारदातों के बाद लगभग सभी पिडितो की और से पुलिस को सीसीटीवी फुटेज देने के बावजूद भी पुलिस के हाथ आज भी खाली है।

जांच चल रही है जल्द खुलासा होगा जैसा रटारटाया जवाब पिडित को दिया जा रहा है। अतिसंवेदनशील मालपुरा शहर में थाने मे भारी जाप्ता व तीन-तीन मोबाईल वाहन सहित मोबाईल बाईक एवं अत्याधुनिक संसाधन होने के बावजूद थाना पुलिस ना तो वारदाते रोक पा रही और ना ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया जा रहा है। जिससे थाना पुलिस के प्रति आमजन में आक्रोश बढ रहा है।

### मां शाकम्भरी की पदयात्रा रवाना

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकट स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान की कुलदेवी शाकम्भरी माता की 25वीं पदयात्रा क्षेत्र के हरसिद्धि हनुमान मन्दिर सियाराम बाबा की बगीची से संत और महन्तों के सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना व महाआरती के बाद पदयात्रा संयोजक तेजकरण सैनी के नेतृत्व में रवाना की गई। जबकि इसके पूर्व माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया। तत्पश्चात पण्डित हनुमान महाराज के द्वारा पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई गई। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एनपीएस धन्नालाल नोदल एवं विशिष्ट अतिथि में पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी पालिका पार्षदा पूजा भाटी, मदन गढवाल, राजेन्द्र वर्मा रहे। इस दौरान अगंन्तुक अतिथियों का दुपट्टा उडाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन सन्तोष स्वामी के द्वारा किया गया। गौरतलब है कि उक्त पद यात्रा में भक्तों ने हाथों में निशान उठाकर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए एवं माता के जयकारे लगाते हुए माता के दरबार पहुंचे। जहां खुशहाली की कामना की।

# योजनाओं को धरातल पर लाकर पात्रों तक पहुंचाएं : किशोर कुमार

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने किशनगढ तिजारा कोटकासिम मुंडावर पंचायत समिति विकास अधिकारियों की बैठक ली और प्रधानमंत्री आवास नरेगा व एमपी एमएलए लेड सहित योजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- प्रधानमंत्री आवास, नरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए

बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली और लक्ष्य अनुसार सैंक्शन प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना, नरेगा,



कलेक्टर किशोर कुमार ने पंचायत समिति विकास अधिकारियों की बैठक ली।

एमपी/ एमएलए लेड, एसबीएम, स्वामित्व योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जिले में नरेगा के तहत कार्य कर रहे कार्मिकों की संख्या व उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाकर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाएं ताकि सरकार की मनसा को पूरा किया जा सके। बैठक में बीडीओ कोटकासिम वीरेंद्र सिंह, बीडीओ मुंडावर सोनू अठावाल, बीडीओ किशनगढबास रामजीलाल, बीडीओ तिजारा मौजूद रहे।



जयपुर ग्रामीण के शाहपुरा राजघराने से वरिष्ठ भाजपा नेत्री भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयपुर देहात उत्तर एवं क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रानी रत्ना कुमारी शाहपुरा पिछले कई दिनों से जम्मू कश्मीर के विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। उन्होंने भाजपा के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह राणा, संगठन मंत्री अशोक कोल, जम्मू से सांसद जुगल किशोर शर्मा, नगरोठा से भाजपा प्रत्यासी देवेन्द्र सिंह राणा, पूर्व मंत्री प्रिया सेठी सहित प्रमुख नेताओं से चर्चा कर विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में सर्वसमाज भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। उन्होंने सर्व समाज को भाजपा के विभिन्न योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया है।

## नशे में रोडवेज बस दौड़ाई, बाइक चालक को मारी टक्कर

- बच्चा गिरा, महिला सवारी के आंख पर लगी चोट

**अलवर, (निसं)।** रोडवेज बस ड्राइवर की लापरवाही से सवारियों और लोगों की जान पर बन आई। अलवर से दिल्ली जाते हुए ड्राइवर ने शराब के नशे में बस को चलाया। इस बीच बस चालक ने बाइक चालक को टक्कर मारी, जिससे एक बच्चा घायल हो गया। वहीं तेजी से ब्रेक लगाने पर एक महिला सवारी चोटिल हो गई।

परिचालक राजकुमार ने बताया कि सोमवार रात 9.30 बजे तिजारा रूट पर दिल्ली जाने वाली आखिरी बस अलवर से निकली थी। बस को ड्राइवर भजनलाल चला रहा था। वह शराब के नशे में था। नशे में बस चलाते हुए जिला हॉस्पिटल पर एक बाइक चालक को टक्कर मारी। गनीमत रही कि बाइक चालक बाल-बाल बचा। इसके बाद जेल चौराहे पर एक बाइक को टक्कर मार दी। जिस पर एक छोटा बच्चा गिरकर घायल हो गया। वहीं तेजी से ब्रेक लगाने पर बस में सवार कोमल शर्मा चोटल हो गई। उसकी आंख पर चोट लगी। इससे सवारियों को गुस्सा आ गए। मौका देखकर ड्राइवर भाग गया। कंडक्टर राजकुमार ने बताया कि ड्राइवर की उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई लेकिन उसका कोई विकल्प ड्राइवर नहीं भेजा गया। ड्राइवर ने दिल्ली से निकलते समय भी दो कार को टक्कर मारी थी।

# गुटों में बंटी कांग्रेस का कोई ठोर-ठिकाना नहीं है : डॉ. सतीश पूनिया

- भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने हांसी विधानसभा प्रत्याशी विनोद भयाना का कराया नामांकन
- 'मुख्यमंत्री नायब सिंह की सज्जनता और नायब सरकार के कार्यों से खुश लोग तीसरी बार भाजपा की सरकार बना रहे हैं'

**जयपुर, (निसं),।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने मंगलवार को हिसार के हांसी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विनोद भयाना का नामांकन भरवाया। डा. पूनिया ने कहा कि हांसी की जनता को विनोद भयाना के व्यक्तित्व पर पूरा भरोसा है, इसलिए हांसी और पूरे हरियाणा में कमल फिर से प्रचंड बहुमत के साथ खिलने वाला है। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी।

नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. सतीश पूनिया ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि गुटों में बंटी कांग्रेस का कोई ठोर-ठिकाना नहीं है। हार के डर से कांग्रेस के नेता झूठ फैलाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बढत बना ली है और तीसरी बार नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बन रही है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि हांसी विधानसभा से पहला नामांकन विनोद भयाना का हुआ है, यह एक अच्छी शुरूआत है। विनोद भयाना की लोकप्रियता और जवाबदेही के कारण पार्टी ने उन्हें मौका दिया है। पत्रकार के एक सवाल पर डा. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस की हालत अली बाबा चालीस चोर जैसी है। बीजेपी अपने एजेंडा पर चुनाव लड रही है और भाजपा का एजेंडा विकास है।

डा. पूनिया ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन में हरियाणा का दृश्य हरियाणा के लोगों ने देखा है कि किस तरह से सडकों पर अराजकता रहती थी। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था। पर्ची और खर्ची से युवाओं को नौकरियां मिलती थी। डा. पूनिया ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी और युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही है। युवाओं को योग्यता के आधार पर और बिना पर्ची और बिना खर्ची के जो नौकरियां मिल रही है इसकी गूंज पूरे देश में गूंज रही है। हरियाणा देश में मॉडल बनकर उभरा है। हरियाणा में गरीब लोगों को चिरायु और आष्युमान कार्ड के जरिए फ्री में इलाज का लाभ मिल रहा है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हाइवे बनाने की शुरूआत की थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में मूर्त रूप दिया है। हरियाणा में नेशनल हाइवे, एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व और भाजपा का विकास का एजेंडा ही विधानसभा चुनाव में हमारा हथियार होगा। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सज्जनता और नायब सरकार के काम से हरियाणा में लोग तीसरी बार भाजपा की सरकार बना रहे हैं। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए डा. पूनिया ने कहा कि हरियाणा का जनमानस परम्परागत रूप से कांग्रेस के खिलाफ रहा है। हरियाणा के लोग राष्ट्रवादी विचार के हैं, इसलिए हांसी से लेकर पलवल तक एक अच्छी जीत भाजपा हांसिल करेगी। भाजपा के शीर्ष नेताओं के हरियाणा आगमन के सवाल पर डा. पूनिया ने कहा कि 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरूक्षेत्र से रैलियों का आगाज कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का भी हरियाणा प्रवास रहेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित तमाम बडे नेता हरियाणा में रैली करेंगे।

हांसी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विनोद भयाना ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि मैं स्वयें को सौभाग्यशाली मानता हूं कि दुनिया की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी ने मुझे विधानसभा चुनाव लडाने में विश्वास जताया है। उन्होने भाजपा सरकार के 10 सालों के कार्यों को भी मीडिया के सामने गिनाया और कहा कि जनता के आशीर्वाद से भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

### प्रतियोगिता में फाइनल मैच आज

**टोंक, (निसं)।** इनोवेशन पब्लिक सैकंडरी स्कूल द्वारा आयोजित 68वीं जिलास्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा बैडमिंटन प्रतियोगिता में दलीय स्पर्धा में छात्रा वर्ग के फाइनल में आदर्श इण्डियन पब्लिक सेकंडरी स्कूल देवली ने बालिका आदर्श उच्च माध्यामिक विद्या मंदिर मालपुरा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनोवेशन पब्लिक सेकंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव पाल यादव ने बताया कि जिलास्तरीय 14 वर्षीय छात्र छात्रा बेडमिंटन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर द गोल्डन ग्लो चिल्ड्रन एकेडमी रही। इसी प्रकार छात्र वर्ग में सिसोदिया शिक्षा सदन सेकंडरी स्कूल टोंक ने शिवम मॉर्डन शिक्षा समिति सी सेकंडरी स्कूल मालपुरा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान पर होलिस्टिक पब्लिक स्कूल मालपुरा रही। वही एकल स्पर्धा के छात्रा वर्ग की एकल स्पर्धा में हॉलिस्टिक पब्लिक स्कूल की छात्रा पखीराज व आदर्श इण्डियन पब्लिक स्कूल देवली की छात्रा आयुषी कंवर ने फाइनल में जगह बनाई तथा छात्र वर्ग की एकल स्पर्धा में शिवम मॉर्डन स्कूल मालपुरा के मनीष चौधरी व सिसोदिया शिक्षा सदन टोंक के जबीर खान ने फाइनल में जगह बनाई। संयोजक रईस अहमद ने बताया कि एकल स्पर्धा के फाइनल राउंड के मैच खेले जाएंगे।

## सार-समाचार

### अनीता गुर्जर को सम्मानित किया



**सिकराय, (निसं)।** उपखंड के मरियाडा गांव निवासी अनीता गुर्जर का हिंदी साहित्य व्याख्याता पद पर चयन होने पर देवधाम जोधपुरिया निवाई (टोंक) में गुर्जर गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे अलवर जिले की रैणी तहसील के सालोली गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत है। पति अजयपाल सिंह सिकराय तहसील के अचलपुरा स्कूल में द्वितीय श्रेणी अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। वहीं अनीता गुर्जर के पिता ओमप्रकाश गुर्जर राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत हैं तथा माता शकुंतला देवी गृहणी है। अनीता गुर्जर को देवधाम जोधपुरिया में श्री देवधाम जोधपुरिया ट्रस्ट की तरफ से गुर्जर गौरव सम्मान दिया। भगवान देवनारायण के घोडे लीलाधर की 1113वीं जन्म जयंती पर रविवार को मेले में गुर्जर समाज की प्रदेश स्तर की कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया था।

### मानसिक स्वास्थ्य जन चेतना रैली निकली



**टोंक, (निसं)।** जिले में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया। डा. योगेश कुमार मनोरोग एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ सआदत अस्पताल टोंक ने बताया कि 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य जन चेतना रैली सआदत अस्पताल टोंक से घंटाघर सर्किल तक निकाली गई। जिसमें विभिन्न प्रकार के स्लोगन एवं बैनर के द्वारा आत्महत्या के बचाव एवं उपचार के बारे मे आमजन को जानकारी दी गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक यादव, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एल मीणा, डॉ खेमराज बंशीवाल, डॉ नवेंद्र पाठक, मनोरोग एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ डॉ.योगेश कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपस्थित सभी स्टाफ को आत्महत्या रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान डा. मनीष लोधी, डा.वसीम अहमद, डीपीसी टिंकू राय, नर्सिंग ट्यूटर जयप्रकाश जैन, सलमान, सुनीता चौधरी, महेश करणावत, कमलेश बैरवा, नरेन्द्र कुमार, अनिल भागवत आदि उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की हेल्पलाइन पर मनोरोग एवं नशामुक्ति समबन्धित परामर्श ले सकते हैं।

### भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आगाज

**टोंक, (निसं)।** बीजेपी की सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान टोंक जिले के सदस्य प्रभारी पूर्व विधायक सुरेंद्र पारीक ने सदस्य अभियान का आगाज जिले मुख्यालय से किया। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष अजीत मेहता ने बताया कि टोंक जिले के समस्त कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि पदाधिकारी 25 मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सहित सभी कार्यकर्ताओं को इसमें जुडने के लिए आवाहन किया। भाजपा सदस्यता प्रभारी सुरेंद्र पारीक ने बताया कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर इस बार सदस्य अभियान को विराट रूप देना है और अधिक से अधिक डोर टू डोर जाकर प्रत्येक परिवार से हमें सदस्यता अभियान में सदस्य बनना है, इसके लिए कार्यकर्ता सघन प्रयास करें। संभावित शीघ्र ही हम बूत स्तर पर ऐसे कार्यक्रम रखेंगे, जिससे सदस्यता अभियान को गति मिले। चर्चा के दौरान कार्यक्रम के संयोजक सुनील जैन, सह संयोजक रमेश गढ़वाल व गौरव चारण ने सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को जोड़ने का प्रयास करेंगें। अभियान के दौरान पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, लड्डू किराड, नरेंद्र अजमेरा, प्रियवीर सिंह, राठौड, जीतू सैनी, विष्णु चावला, रविंद्र कुमावत, सुरेंद्र कर, अंकित शर्मा, चौथ मल विजय, जयनारायण वर्मा, मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राधाष्टमी पर होगा महारास

**चाकसू, (निसं)।** वृषभान दुलारी राधा रानी के जन्मोत्सव को लेकर कस्बे के कृष्ण मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। 11 सितंबर बुधवार को राधा अष्टमी की अरुण बेला में राधा रानी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिरों में जन्माभिषेक के साथ पालना दर्शन, बधाई-उछाल और भक्ति संध्या के भी आयोजन होंगे। राधा अष्टमी एकमात्र ऐसा दिन होता है, जब भक्त राधा रानी के चरणों के दर्शन कर पाते हैं। श्री गोपीनाथ मंदिर समिति मंत्री राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि विभिन्न योग संयोगों के बीच बुधवार को राधा अष्टमी पर मंदिरों में पंचामृत अभिषेक के साथ ही विशेष पालना झांकियां सजाई जाएंगी। इस मौके पर वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा महारास का आयोजन होगा। जिसकी तैयारी के लिए मनोहरा तालाब स्थित श्री गोपीनाथ मन्दिर में मंदिर समिति सदस्यों की बैठक कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राधा अष्टमी उत्सव के तहत पंचामृत अभिषेक, तिथि पूजन, पंचगव्य पूजा की जाएगी। इसके बाद नवीन पोशाक धारण कराके राधा रानी का शृंगार किया जाएगा।श्रद्धालु राधा रानी के चरण दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। राधा रानी का पंचामृत अभिषेक के बाद पंजीरी लड्डू, मावे की बर्फ का भोग लगाया जाएगा। राधारानी को कपडे, फल, टॉफी और अन्य सामान अर्पित की जाएंगी। तत्पश्चात वृंदावन, स्थानीय एवं जयपुर के कलाकारों द्वारा महारास उछाल बधाई गान सहित एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भगवान को रिझाया जाएगा। आरती के के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### वोटिंग के प्रति प्रेरित किया जायेगा

**दौसा, (निसं)।** आगामी विधानसभा उपचुनाव के मध्यनजर युवा वोटर को वोटिंग के लिए प्रेरित करने के लिए स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर ईएलसी के माध्यम से वोटर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुमित्रा पारीक ने बताया कि आगामी विधानसभा उपचुनावों में नव मतदाताओं विशेष रूप से 18-20 आयु वर्ग का वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से शत-प्रतिशत पंजीकरण एवं मतदान के लिए इपिक कार्ड के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान दस्तावेजों से मतदान दिवस को मतदान करने इत्यादि के बारे में स्वीप जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत विद्र्याथियों को वोटर हेल्पलाईन एप से मतदाता पंजीकरण का प्रशिक्षण प्रदान कर हैण्ड्स ऑन मतदाता पंजीकरण और स्मार्टफोन से ई-इपिक डाउनलोड किये जाने के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जावें। उन्होंने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ पीएसयू/ सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल हैं।

